www.sgbauonline.com

**AU–2310**

# M.A. (Part—I) (Semester—II) Examination

## HINDI

## (Optional Paper)

## Vishesh Adhyayan (Premchand)

## Paper—IV(A)

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :

(अ) धर्म का काम संसार में मेल और एकता पैदा करना होना चाहिए। यहाँ धर्म ने विभिन्नता और द्वेष पैदा कर दिया है। क्यों खान-पान में, रस्म-रिवाज में धर्म अपनी टाँगे अड़ाता है। मैं चोरी करूँ, खून करूँ, धोखा दूँ, धर्म मुझे अलग नहीं कर सकता। अछूत के हाथ से पानी पी लूँ, धर्म छू-मन्तर हो गया। अच्छा धर्म है ! हम धर्म के बाहर किसी से आत्मा का सम्बन्ध भी नहीं कर सकते। आत्मा को भी धर्म ने बाँध रखा है, प्रेम को भी जकड़ रखा है। यह धर्म नहीं, धर्म का कलंक है।

(ब) हम जिनके लिए त्याग करते हैं, उनसे किसी बदले की आशा न रखकर भी उनके मन पर शासन करना चाहते हैं, चाहे वह शासन उन्हीं के हित के लिए हो, यद्यपि उस हित को हम इतना अपना लेते हैं कि वह उनका न होकर हमारा हो जाता है। त्याग की मात्रा जितनी ही ज्यादा होती है, वह शासन-भावना भी उतनी ही प्रबल होती है और जब सहसा हमें विद्रोह का सामना करना पड़ता है, तो हम क्षुब्ध हो उठते हैं, और वह त्याग जैसे प्रतिहिंसा का रूप ले लेता है।

(क) मन ! तेरी गति कितनी विचित्र है, कितनी रहस्य से भरी हुई, कितनी दुर्भेद्य। तू कितनी जल्द रंग बदलता है ? इस कला में तू निपुण है। आतिशबाज की चर्खी को भी रंग बदलते कुछ देर लगती है : पर तुझे रंग बदलने में उसका लक्षांश समय भी नहीं लगता। जहाँ अभी वात्सल्य था, वहाँ फिर सन्देह ने आसन जमा लिया। 2×8=16

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिये :

(1) "निर्मला का जीवन अंतर्व्यथा का सागर है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(2) 'गोदान' में गोबर को उगता सूरज क्यों कहा गया है ? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

(3) "कर्मभूमि" का कथानक भावि युग की पदचाप है। इस कथन की विवेचना कीजिए। 2×16=32



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **10–15** पंक्तियों में लिखिए :

(1) भारतेन्दु बाबू हरिश्चंद्र का हिंदी साहित्य को क्या मौलिक योगदान है ? लिखिए।

(2) 'साहित्य और मनोविज्ञान' के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(3) "जीवन केवल जीना, खाना, सोना और मर जाना नहीं है।" 'जीवन में साहित्य का स्थान' निबंध के आधार पर इस उक्ति का स्पष्ट कीजिए।

(4) "साहित्य की सबसे सुन्दर परिभाषा जीवन की आलोचना है।" समझाइये।

(5) उर्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तानी के संबंध में प्रेमचंद की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

(6) साहित्य में समालोचना निबंध द्वारा प्रेमचंद क्या संदेश देना चाहते हैं ? समझाइए। 4×4=16

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशानुसार लिखिये :

(1) मन्दिर में प्रवेश सम्बंध आन्दोलन की घटना का उल्लेख किस उपन्यास में हुआ है ?

(2) मिस मालती कहां से डाक्टरी की पढ़ाई पूर्ण करती है ?

(3) "हमारे यहाँ चोटी के लोग देशी साहित्य की तरफ ताकना भी हेय समझते हैं"।

(4) सुधा और डॉ. सिन्हा के लड़के का नाम लिखिये।

(5) प्रेमचंद ने साहित्य के वर्तमान युग को कौनसा युग कहा है ?

(6) प्रेमचंद के अंतिम अपूर्ण उपन्यास का नाम लिखिए।

(7) 'कर्मभूमि' में गोरों की हत्या __________ ने की थी।

(1) सकीना (2) सुखदा

(3) मुन्नी (4) नैना

(8) भारतेन्दु बाबू का कौनसा नाटक अत्यंत लोकप्रिय हुआ है ?

(1) विक्रमोर्वशी (2) शकुन्तला

(3) सत्य हरिश्चन्द्र (4) इनमें से सभी

(9) 'कर्मभूमि' का आरंभ आधुनिक शिक्षाप्रणाली की __________ से होता है।

(1) प्रशंसा (2) आलोचना

(3) इनमें से कोई नहीं (4) प्रथम दोनों



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(10) गोविन्दी किस उपन्यास की पात्र है ?

(11) 'आईने अकबरी' ने __________ भाषा के प्रचलित शब्द ग्रहण किये हैं।

(1) संस्कृत (2) अरबी

(3) फारसी (4) इनमें से कोई नहीं

(12) भूँगी किस उपन्यास की पात्र है ?

(13) 'गोदान' का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(14) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध का आरंभ किस संबोधन से होता है ?

(15) वकील तोताराम का रिश्ता निर्मला के लिए कौन लाता है ?

(1) उदयभानु (2) पं. मोटेराम

(3) सियाराम (4) इनमें से कोई नहीं

(16) 'टाम काका की कुटिया' __________ की प्रथा से व्यथित हृदय की रचना है।

(1) स्वतंत्रता (2) साहूकारी

(3) गुलामी (4) प्रेम 1×16=16



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com